a.k. BUILDING BONDS **A.K. Capital Services Limited** 603, 6th Floor, Windsor, Off CST Road, Kalina, Santacruz (East),Mumbai – 400 098, Maharashtra **Tel:** +91 22 6754 6500 **Email:** cagl.ncd2022@akgroup.co.in **Website:** www.akgroup.co.in **Contact person:** Aanchal Wagle/ Milan Soni	KFINTECH **KFIN Technologies Limited** Selenium Tower B, Plot 31-32, Gachibowli, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad – 500 032, Telangana **Tel:** +91 40 6716 2222 **Email:** cagl.ncdipo@kfintech.com **Website:** www.kfintech.com **Contact Person:** M Murali Krishna	CATALYST **Catalyst Trusteeship Limited*** GDA House, Plot No. 85, Bhusari Colony (Right), Kothrud Pune – 411 038, Maharashtra **Tel.:** +91 22 4922 0555 **Email:** ComplianceCTL-Mumbai@ctltrustee.com **Website:** www.catalysttrustee.com **Contact Person:** Umesh Salvi	India Ratings & Research **India Ratings & Research Private Limited** Wockhardt Towers, 4th Floor, West Wing, Bandra Kurla Complex, Bandra, (E), Mumbai – 400 051 **Tel:** +91 9920988970 **Email:** aishwarya.khandelwal@indiaratings.co.in **Website:** www.indiaratings.co.in **Contact Person:** Aishwarya Khandelwal	**Deloitte Haskins & Sells** ASV N Ramana Tower, 52, Venkatnarayana Road, T. Nagar, Chennai – 600 017 **Tel:** + 91 44 6688 5000 **Email:** sgk@deloitte.com **Contact Person:** G. K. Subramaniam	PKF Sridhar & Santhanam LLP T8 & T9, Third Floor Gem Plaza, 66, Infantry Road Bangalore – 560 001, India **Tel:** +91 80 4130 7244 **Email:** admin@pkfindia.in **Contact Person:** Seethalakshmi M	**Mahadev Prakash Jayakumar Matada** New No. 49 (Old No. 725), 46th Cross, 8th Block, Jayanagar, Next to Rajalakshmi Kalyana Mantap, Bengaluru 560 070, Karnataka, India **Tel:** +91 80 2263 7300; **Fax:** +91 80 2664 3433 **E-mail:** cs@cagrameen.in Investors may contact the Registrar to the Issue or the Company Secretary and Compliance Officer in case of any pre-issue or post Issue related issues such as non-receipt of Allotment advice, demat credit, refund orders, non-receipt of Debenture Certificates, transfers, or interest on application amount etc.

**Catalyst Trusteeship Limited under regulation 8 of SEBI NCS Regulations has by its letter dated June 7, 2022 given its consent for its appointment as Debenture Trustee to the Issue and for its name to be included in the Prospectus and in all the subsequent periodical communications sent to the holders of the NCDs issued pursuant to the Issue.*

Disclaimer: CREDITACCESS GRAMEEN LIMITED ("Company"), subject to market conditions and other considerations is proposing a public issue of Secured, Rated, Listed, Redeemable, Non-Convertible Debentures of face value of ₹1,000 each (**"NCDs"**) and has filed the Shelf Prospectus dated November 4, 2022 (the **"Shelf Prospectus"**) and the Tranche II Prospectus dated August 18, 2023 (the **"Tranche II Prospectus"**) and the Corrigendum dated August 19, 2023 (**"Corrigendum"**) with the Registrar of Companies, Karnataka at Bengaluru, National Stock Exchange of India Limited, BSE Limited and SEBI. The Shelf Prospectus and the Tranche II Prospectus read with the Corrigendum are available on the Company's website www.creditaccessgrameen.in; on the website of the stock exchanges at www.nseindia.com and www.bseindia.com; on the website of SEBI at www.sebi.gov.in and the website of the lead manager at www.akgroup.co.in. Investors proposing to participate in the Tranche II Issue, should invest only on the basis of the information contained in the Shelf Prospectus and the Tranche II Prospectus read with the Corrigendum. Investors should note that investment in this Public Issue of NCDs involves a high degree of risk and for details relating to the same, please refer to the Shelf Prospectus and the Tranche II Prospectus read with the Corrigendum and your attention is drawn to the section on ***"Risk Factors"*** beginning on page 20 of the Tranche II Prospectus.

For **CreditAccess Grameen Limited**
Sd/-
Udaya Kumar Hebbar
Managing Director
DIN: 072355226

Place : Bangalore
Date : August 19, 2023

CONCEPT

महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को रोजगार परक पाठ्यक्रमों की दी जानकारी

रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक दिवसीय अभिविन्यास एवं एंडुनेट प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न हुई। यह आईबीएम एंडुनेट एवं महाविद्यालय के करियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ द्वारा संचालित की गयी। जिसमें छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में संचालित विविध रोजगार परक पाठ्यक्रमों तथा नवीन विद्यार्थियों के साथ प्राध्यापकों से परिचयात्मक सत्र का आयोजन किया गया। प्रारम्भ में करियर काउंसलिंग के संयोजक डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने कार्यशाला के उद्देश्य तथा विविध आयामों से सम्बन्धित प्रस्तावना प्रस्तुत की।

मुख्य वक्ता सीनियर मैनेजर आईबीएम एंडुनेट फाउंडेशन गुडगांव धनंजय तोमर ने कम्यूनिकेटिंग विथ इम्पैक्ट विषय पर बताया कि आईबीएम एंडुनेट के माध्यम से दो वर्षीय डिप्लोमा पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों का प्लेसमेंट संभव है। उन्होंने कहा कि स्किल बिल्ड प्लेटफार्म एक डिजिटल प्लेटफार्म है, जिसके द्वारा युवाओं में तकनीकी कौशल तथा उद्यमशीलता को प्रोत्साहित किया जाता है। जैसे रिज्यूम बनाना, प्राब्लम साल्विंग, संवाद,व्यक्तिगत कोचिंग, प्रयोगात्मक अधिगम, रोजगार के नये अवसर प्राप्त करना आदि। इसके प्रशिक्षण से छात्र-छात्राएं किसी भी क्षेत्र की ऑनलाइन जानकारी कर सकते हैं। जैसे पाठ्यक्रम में आनलाइन पंजीकरण, प्रमाणपत्र डाउनलोड आदि। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. एमसी पाण्डे द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत विद्यार्थियों को कौशल विकास पाठ्यक्रमों में प्रतिभागिता की बात कही गई। कहा कि यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों के अनेक कौशलात्मक अभिरुचि में वृद्धि कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कारगर सिद्ध होगा। परिचयात्मक कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रो. एसएस मौर्य ने विज्ञान संकाय की उपलब्धियों एवं संकाय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेतर कर्मचारियों का परिचय दिया तथा अन्त में सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रो. जगमोहन सिंह नेगी ने एनएसएस के विद्यार्थियों की उपलब्धि एवं रिपोर्ट साझा की। डॉ. जया भट्ट ने कला संकाय की उपलब्धियों, विशेषताओं एवं समस्त कर्मचारियों के परिचय सम्बन्धी जानकारी दी। डॉ. ममता भदोला जोशी ने वाणिज्य संकाय की उपलब्धि, कर्मचारियों का परिचय हदया। डॉ. भावना पन्त द्वारा नमामि गंगे आदि से सम्बन्धित जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी एवं प्रशिक्षणार्थी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

बरसाती नाले में बहे युवक का शव बरामद

रामनगर। बाइक से अपने घर जा रहा युवक बाइक समेत बरसाती नाले में बह गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने इसकी खोजबीन शुरू की तो शुक्रवार की देर शाम इस युवक का शव बरामद होने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। ग्राम पाटकोट निवासी 25 वर्षीय युवक हरेंद्र जलाल गुरुवार को अपनी बाइक से ग्राम भलौन किसी काम से आया था और शाम को वापस घर जा रहा था, इसी बीच ग्राम पाटकोट से पहले स्थित तिरमोली बरसाती नाला अचानक उफान पर आ गया, जिस कारण हरेंद्र ने बाइक से इस नालों को पार करने का प्रयास किया लेकिन पानी का बहाव इतना तेज था कि हरेंद्र बाइक समेत इसमें बह गया। ग्रामीणों का कहना है कि जब हरेंद्र मौके पर मौजूद था तो उसने कई लोगों को यह बरसाती नाला पार भी कराया, लेकिन जब उसने स्वयं नाले को पार किया तो वह स्वयं ही बह गया। मृतक के भाई हिमांशु जलाल ने बताया कि जब गुरुवार को उनका भाई हरेंद्र घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इसके बाद शुक्रवार को उक्त बरसाती नाले के समीप बाइक के कुछ पार्ट्स के टुकड़े मिलने से पता चला कि हरेंद्र इस नाले में बह गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस व ग्रामीणों ने बरसाती नाले में सर्च अभियान चलाया तो शुक्रवार की देर शाम हरेंद्र का शव इस बरसाती नाले में कुछ दूरी पर जाकर बरामद हुआ। शनिवार सुबह पुलिस ने युवक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस बरसाती नाले में पहले भी कई दुर्घटनाएं घट चुकी हैं। ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से यहां पर पुल निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन शासन प्रशासन द्वारा आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। ग्रामीणों ने शासन व प्रशासन से भविष्य में इस प्रकार की घटना नहीं घटे उसको लेकर शीघ्र यहां पर पुल निर्माण की मांग की है।

समर स्टडी हॉल में इंटरेक्ट क्लब ऑफ एसएसएच का गठन

काशीपुर। समर स्टडी हॉल विद्यालय में इंटरेक्ट क्लब ऑफ एसएसएच का गठन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन अग्रवाल आईपीडीजी रोटरी डिस्ट्रिक 3110 रहे। अन्य अतिथियों के रूप में अनिल जोशी डीआईसीसी इंटरेक्ट क्लब, राज मेहरोत्रा सीडीएस रोटरी डिस्ट्रिक 3110, अतुल असावा अध्यक्ष रोटरी क्लब काशीपुर एवं नवीन अरोरा सेक्रेटरी रोटरी क्लब काशीपुर रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों एवं स्कूल की अध्यक्ष मुक्ता सिंह व सचिव अनुराग कुमार सिंह ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय की अध्यक्ष मुक्ता सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुज भाटिया ने अतिथियों का परिचय देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में हल्द्वानी से आये अनिल जोशी ने सभी को इंटरेक्ट क्लब का उद्देश्य बताया। सभी छात्रों को इंटरेक्ट क्लब ऑफ एस.एस.एच. के तहत पदों का आवंटन किया गया। अध्यक्ष के रूप में ईशी अग्रवाल, उपाध्यक्ष नितिका यादव, सचिव आदित्य मित्तल, सयुंक्त सचिव राजबीर सिंह, कोषाध्यक्ष नेसर्ग पाण्डेय, सर्जेन्ट एट आर्म्स कुमारी सरगम एवं डायरेक्टर पदों पर क्रमशः काव्य भाटिया, अर्चिशा त्यागी, रिचा अधिकारी, मो. उबेश को नियुक्त किया गया। राज मेहरोत्रा ने रोटरी, रोटरेक्ट एवं इंटरेक्ट क्लबों के बारे मे जानकारी दी। अतुल असावा ने बच्चों में सेवाभाव लाने के लिए प्रोत्सहित किया। पवन अग्रवाल ने छात्रों को ईच वन टीच वन का मूल मंत्र दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की अध्यक्ष मुक्ता सिंह ने सभी का आभार जताया। संचालन काजिम रजवी व पूनम अरोरा ने किया। इस अवसर पर मनु अग्रवाल, राजेन्द्र फर्त्याल, शुभांगी गुप्ता, प्रशान्त कुमार एवं शिक्षक शिक्षिकायें मौजूद रहे।

दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रा का शुभारम्भ करते अतिथि

हादसे में सिंचाई कर्मी की मौत

काशीपुर। सड़क हादसे में सिंचाई कर्मी की मौत हो गयी। शनिवार सुबह करीब 9.30 बजे ड्यूटी जा रहे कैनाल कालोनी निवासी सिंचाई विभाग का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुलेमान खान (59 वर्ष) पुत्र बुन्दू खान को बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल मुरादाबाद रोड स्थित हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों ने बताया कि सुलेमान खान फरवरी में रिटायर्ड होने वाले थे। वह अपने पीछे एक पुत्र व पत्नी को रोता विलखता छोड़ गये हैं।

एमडीडीए सचिव पर भ्रष्टाचार का आरोप

हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने सचिव का पुतला फूंका

जसपुर। हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने एमडीडीए सचिव पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर जुलूस निकालकर उनका पुतला फूंका। मुख्य सचिव से एमडीडीए सचिव को निलंबित करने की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर 25 अगस्त को सचिवालय घेराव करने की चेतावनी दी। हिंजामं कार्यकर्ताओं ने धर्मशाला प्रांगण में एकत्रित होकर सुभाष चौक तक जुलूस निकाला इसके पश्चात एमडीडीए सचिव के पुतले का दहन किया।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि डीएम देहरादून द्वारा एमडीडीए डालनवाला को फ्लैटस में बीते 13 वर्षों से अवैध रूप से चल रहे मस्जिद मदरसे को सील करने का आदेश दिया था। एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया ने अवैध रूप से संचालकों से शपथ पत्र प्राप्त कर एक सप्ताह का समय दे दिया। हिंदू जागरण मंच कार्यकर्ताओं ने मुख्य सचिव को 11 अगस्त को पत्र देकर उनके निलंबन की मांग की थी। 18 अगस्त तक मांग पूरी नहीं होने पर 19 अगस्त को पुतले का दहन किया गया। उन्होंने एमडीडीए सचिव पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। कार्यकर्ताओं ने अवैध रूप से चल रही मस्जिद मदरसे को सील कर आवंटन का आदेश निरस्त करने एमडीडीए सचिव को निलंबित करने की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर 25 अगस्त को सचिवालय का घिराव करने की चेतावनी दी। ज्ञापन देने वालों में आशीष चौबे, मुकेश चौहान, चमन कुमार, गुरनाम सिंह, नील कमल, सुंदर सिंह, विवेक कुमार, सुरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, सोहित जोशी आदि रहे।

दहेज में कार न मिलने पर विवाहिता को निकाला

काशीपुर। दहेज में कार न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता से मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत पांच ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जसपुर खुर्द निवासी अर्शी मलिक पुत्री स्व. हामिद हुसैन ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कहा कि उसका निकाह 28 नवंबर 2020 को एहसान पुत्र मरगूब अहमद निवासी मीरगंज जिला बरेली के साथ हुआ था। निकाह के समय जेवर और दो लाख रुपये नकद दिये थे। इसके बावजूद उसके पति एहसान, देवर आसिफ, सास शकीला, ननद शाईस्ता व शगुफ्ता खुश नहीं थे। ससुराल वाले कम दहेज लाने का ताने देकर गाली-गलौज करने लगे। ससुराल वाले दहेज में स्विफ्ट डिजायर कार की मांग करने लगे। इस दौरान उसने बड़े ऑपरेशन से एक पुत्र को जन्म दिया। जिसका खर्चा ससुराल वालों ने वहन नहीं किया। उसकी माता ने उधार कर किसी तरह 38 हजार रुपये उसके पति को दिये तब जाकर इन लोगों ने हॉस्पिटल का बिल जमा किया।

देवभूमि जागृति मंच उत्तराखंड ने की बैठक

रुड़की। देवभूमि जागृति मंच के डाडा जलालपुर कार्यालय पर हुई बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। संगठन के संस्थापक और प्रदेश अध्यक्ष रजनीश सैनी ने प्रदेश महासचिव आशीष सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी जयदीप धीमान, प्रदेश सचिव सुविज्ञ सैनी, प्रदेश संगठन मंत्री सचिन सैनी, और प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रिंस शर्मा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी जितेंद्र सैनी को जिम्मेदारी सौपी गई। बताया कि जल्दी ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर जिला अध्यक्ष और जिला कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी।

लाठी-डंडों से हमला कर किया गंभीर घायल

काशीपुर। दो लोगों ने लाठी-डंडों से हमलाकर एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई है। सुभाषनगर कॉलोनी निवासी अनुभव गोयल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 12 अगस्त को रात करीब 11 बजे वह अपने एक मित्र के साथ घर जा रहा था। रोडवेज गेट पर पहले से खड़े ग्राम फसियापुरा निवासी उमेश कुमार ने उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। बाद में उसने फोन कर अपने मित्र ग्राम दभौरा मुस्तहकम निवासी लबशेर को बुला लिया। लवशेर और उसके साथियों ने लाठी-डंडों से हमलाकर उसे घायल कर दिया और उसे जान से मारने की धमकी देकर चले गए। उसने सरकारी अस्पताल में इलाज कराया। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

युवती की तहरीर पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

रामनगर। पुलिस ने एक युवती की तहरीर पर एक युवक पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया है। ग्रामीण क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते दिनों ग्राम सलीमपुर जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी कासिम ने उसकी पुत्री को जबरन बहला फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि युवक ने पुत्री के साथ शादी करने के लिए मना कर दिया। इसके साथ ही आरोपी ने युवती को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में ग्राम सलीमपुर जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी कासिम के खिलाफ धारा 376, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिक्षा परिषद के सचिव ने अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

रामनगर। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर में नवनियुक्त प्रभारी सचिव ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर प्रत्येक अनुभाग की गतिविधियों की समीक्षा कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। परिषद के प्रभारी सचिव वीपी सिमल्टी ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद परिषद में संचालित सभी कार्यों की समीक्षा बैठक ली और अनुभाग स्तर पर चल रही गतिविधियों की बिंदुवार जानकारी ली।

प्रभारी सचिव सिमल्टी ने परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल इंटर बोर्ड परीक्षा 2024 में ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पूरित किए जाने तथा बोर्ड सुधार परीक्षा के तहत 21 अगस्त से 24 अगस्त तक दो केंद्रों पर होने वाली उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन की तैयारियों की समीक्षा की तथा उत्तराखंड में 29 सितंबर को आयोजित टीईटी परीक्षा के आवेदन पत्रों व अन्य तैयारियों की समीक्षा की। बैठक का संचालन शोध अधिकारी डीएस रौतेला ने किया। बैठक में अपर सचिव बृजमोहन सिंह रावत, संयुक्त सचिव एसपी सिंह, उपसचिव सीपी रतूड़ी, समस्त शोध अधिकारी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, आदि मौजूद रहे।

चोरी की तीन बाइकों के साथ दो आरोपी दबोचे

काशीपुर। पुलिस ने चोरी की तीन मोटर साइकिलों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी पर कोतवाली में कई मुकदमे दर्ज हैं।

शनिवार को कोतवाली में सीओ वंदना वर्मा ने बताया कि बाइक चोरी की बढ़ रही घटनाओं के मद्देनजर पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास के कैमरों व मुखबिरों की सूचना के आधार पर नौगजा कब्रिस्तान के पास चेकिंग के दौरान दो युवकों को चोरी की मोटर साइकिलों के साथ पकड़ा। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर कब्रिस्तान की झाड़ियों में दो अन्य चोरी की बाइकें बरामद की। जिसे आरोपी बेचने की फिराक में थे।

पकड़े गये आरोपियों की पहचान कचनालगाजी की कुमाऊं कॉलोनी निवासी मलखान सैनी व रोहित चौहान के रूप में हुई। आरोपियों में मलखान सैनी का आपराधिक इतिहास है। उस पर कोतवाली में छह मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी, एसएसआई प्रदीप मिश्रा, एसआई नवीन बुधानी व चित्रगुप्त, कां. प्रेम कनवाल, गिरीश मठपाल, सुरेन्द्र सिंह व एसपीओ माजिद व विक्की शामिल रहे।

कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

काशीपुर। पुलिस ने गश्त के दौरान कच्ची शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनका आबकारी एक्ट में चालान किया है। पुलिस ने रामनगर रोड स्थित ग्राम रम्पुरा प्राइमरी स्कूल के सामने झाड़ियों से ग्राम रम्पुरा निवासी गुरमीत सिंह को 15 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसी तरह शिंवागी कालोनी में वहीं के निवासी कुलवंत सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 33 पाउच कच्ची शराब बरामद की गई। पुलिस ने दोनों का आबकारी एक्ट में चालान किया है।

कच्ची शराब की आठ भट्ठियां तोड़ी

काशीपर। जिला अधिकारी के निर्देशन में आबकारी विभाग की टीम में बरखेड़ी, खाईखेड़ा व दुर्गापुर के जंगलों में कच्ची शराब की छह भट्ठियां पकड़ी। इस दौरान शराब बनाने के उपकरण बरामद किये गये। टीम ने 8000 लीटर लहन नष्ट कर करीब 130 लीटर कच्ची शराब बरामद की। मौके से फरार 6 अभियुक्तों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है। टीम में आबकारी निरीक्षक काशीपुर सोनू सिंह, आबकारी निरीक्षक रुदपुर महेंद्र बिष्ट, आबकारी निरीक्षक बाजपुर मोहन कोरंगा व अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

डेंगू से बचाव के लिए फागिंग अभियान तेज

रुड़की। डेंगू से बचाव के लिए नगर पंचायत की ओर से सभी वार्डों में फॉगिंग अभियान चलाया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी संजय रावत ने बताया कि अभी तक आठ वार्डों में एंटी लारवा दवा का छिड़काव कराया जा चुका है। घर-घर जाकर लोगों को सतर्क किया जा रहा है। उन्होंने डेंगू को हराने के लिए लोगों से जागरूक रहने और नगर पंचायत प्रशासन को सहयोग की अपील की।

सीनियर नेशनल पेंचिक सिलाट प्रतियोगिता में कृति को मिला रजत

रामनगर। नासिक के मीनाताई इंडोर स्टेडियम महाराष्ट्र में पेंचक सिलाट की 11वीं सीनियर नेशनल पेंचिक सिलाट प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें रामनगर की कृति गुसाई ने रजत पदक जीतकर उत्तराखंड का नाम रोशन किया है।

यह राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता 12 से 15 अगस्त को नासिक महाराष्ट्र में संपन्न हुई। एसोशिएशन के अध्यक्ष व राज्य टीम के मुख्य कोच राकेश कुमार के अनुसार भारत के सभी राज्यों की टीम और आल इंडिया पुलिस, आईटीबीपी, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ व सीमा सशत्र बल सहित लगभग 900 खिलाडियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। उत्तराखंड राज्य से 20 खिलाडियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें छह महिलाएं व 14 पुरुष खिलाडियों ने हिस्सा लिया और कृर्ति गुसाई ने रजत पदक जीतकर देव भूमि उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। साथ ही रीता भंडारी और दीपक सिंह ने टॉप-16 खिलाडियों में जगह बनाकर नेशनल गेम्स में अपनी जगह सुनिश्चित की। तीनों खिलाड़ियों के वापस पहुंचने पर उनका सम्मान किया गया। विजेता खिलाड़ी आगामी अक्टूबर 2023 में आयोजित होने वाले 37 गोवा नेशनल गेम्स में भाग लेंगे और उत्तरखन्का नाम रोशन करेंगे। कृति गुसाई ने मदर ग्लोरी पब्लिक स्कूल से इस वर्ष इंटर पास किया है।

भूमि संस्था ने युवा उत्सव कार्यक्रम में युवकों को किया जागरूक

रामनगर। भूमि संस्था हल्द्वानी द्वारा जय मोहन इण्टर कालेज कानिया में विधायक दीवान सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में युवा उत्सव का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य एमडी. तिवारी ने कार्यक्रम के विषय में जानकारी दी। विधायक प्रतिनिधि जगमोहन सिंह बिष्ट ने कार्यक्रम में अमृत काल के पंच प्रण विषय में लोगों के मध्य अपने विचार रखे।

दिया तिवारी ने लोगों को बताया कि भारत की जो विरासत है वह आज पूरे विश्व के लिए मार्ग दर्शन प्रदान करने का कार्य कर रही है और आज लोग पश्चात संस्कृती से भारतीय संस्कृती की ओर आ रहे हैं इसलिए हमको अपनी विरासत और संस्कृती पर गर्व होना चाहिए। अजमा द्वारा एकता और एक जुटता के विषय में जानकारी प्रदान की गयी और बताया गया कि किस तरह एकता से हम हर लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं और मानव विकास में एकता और एक जुटता का क्या महत्व है। कार्यक्रम में धरोहर संस्था के परियोजना प्रबन्धक भावना पाण्डेय ने एचआईवी संक्रमण से बचाव के विषय में बताया। मीमांसा मानसिक स्वास्थ्य एवं परामर्श केंद्र के वक्ताओं ने लोगों को जागरूक किया। अमृतकाल के पंच प्रण के लिए शपथ दिलायी गयी। इस दौरान प्रधान सुनीता घुघत्याल, डॉ कोमल शर्मा, आजम मलिक, दिव्या तिवारी, पूजा, अजरा आदि मौजूद रहे।

शिविर में 129 की जांच

रुड़की। होम्योपैथी विभाग ने भारूवाला गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर 300 से ज्यादा लोगों की निशुल्क जांच की। टीम ने जांच को बाद लोगों को जरूरी दवाएं दी। होम्योपैथी निदेशक डॉ. जेएस फिरमाल के आदेश पर जिला होम्योपैथी विभाग की टीम पिछले माह बाढ़ से प्रभावित रहे लक्सर और खानपुर देहात के गांवों में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा रही है।

इण्डिया ग्लाईकोल्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: ए-1, इंडस्ट्रियल एरिया, बाजपुर रोड, काशीपुर-244713, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड
दूरभाष: +91 5947 269000/269500; **फैक्स:** +91 5947 275315/269535;
ई-मेल: compliance.officer@indiaglycols.com; **वेबसाइट:** www.indiaglycols.com
सीआईएन: L24111UR1983PLC009097

39वीं वार्षिक आम बैठक, ई-वोटिंग जानकारी और बुक क्लोजर की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि इंडिया ग्लाईकोल्स लिमिटेड (''कम्पनी'') के सदस्यों की 39वीं वार्षिक आम बैठक (''ए जी एम'') **मंगलवार, 12 सितम्बर, 2023 को प्रातः 11.00 बजे विडियो कॉन्फ्रेंसिंग (''वी सी'')/अन्य ऑडियो विडियो माध्यमों (''ओ ए वी एम'') सुविधा** के माध्यम से सूचना मे निर्धारित कारोबार के निष्पादन के लिए आयोजित की जाएगी। कम्पनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम'') के लागू प्रावधानों और उसके अंतर्गत निर्मित नियमों तथा सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 (''सेबी सूचीबद्धता विनियम'') के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी किये गये सामान्य परिपत्र सं. 14/2020, 17/2020, 20/2020, 02/2021, 19/2021, 02/2022 एवं 10/2022 क्रमशः दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, 5 मई, 2020, 13 जनवरी, 2021, 8 दिसम्बर, 2021, 5 मई, 2022 एवं 28 दिसम्बर, 2022 (''एम सी ए परिपत्र'') और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी परिपत्र सं. सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांक 12 मई, 2020 के साथ पठित परिपत्र सं. सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2021/11, सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022/62 एवं सेबी/एचओ/सीएफडी/पीओडी-2/पी/सीआईआर/2023/4 क्रमशः दिनांक 15 जनवरी, 2021, 13 मई, 2022 एवं 5 जनवरी, 2023 (''सेबी परिपत्र'') के अनुपालन में आम स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना ए जी एम वी सी/ओ ए वी एम के माध्यम से आयोजित की जाएगी। ए जी एम का अनुमानित स्थल पंजीकृत कार्यालय अर्थात् ए-1, इंडस्ट्रियल एरिया, बाजपुर रोड, काशीपुर-244713, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड होगा।

एम सी ए परिपत्रों और सेबी परिपत्रों के अनुपालन में, 39वीं ए जी एम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए वार्षिक रिपोर्ट जिसमें अन्य बातों के अतिरिक्त 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कम्पनी के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण (समेकित वित्तीय विवरण सहित), उस पर लेखापरीक्षकों एवं बोर्ड की रिपोर्ट शामिल है, उन सभी सदस्यों को केवल ई-मेल के माध्यम से भेज दी गई है जिनके ई-मेल पते कम्पनी या उनके संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी (''डी पी'') के पास पंजीकृत हैं और इसे भेजने का कार्य शुक्रवार, 18 अगस्त, 2023 को पूरा कर लिया गया है। 39वीं एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.indiaglycols.com, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (''एन एस डी एल'') की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com और स्टॉक एक्सचेंजों, बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है। सदस्यगण जिन्हें 39वीं ए जी एम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त नही होती है, वे इसे कम्पनी की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं या कम्पनी सचिव को ई-मेल compliance.officer@indiaglycols.com पर लिख सकते हैं।

इसके अलावा, सदस्यगण वित्त वर्ष 2022-23 के लिए वार्षिक रिपोर्ट निम्नलिखित लिंक से सीधे प्राप्त कर सकते हैं:-

https://www.indiaglycols.com/investors/downloads/annual-report-2022-23.pdf

कम्पनी अधिनियम की धारा 91 के साथ पठित उसके अधीन लागू नियमों और सेबी सूचीबद्धता विनियम के विनियम 42 के अनुसरण में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए निदेशक मंडल द्वारा 24 मई, 2023 को आयोजित अपनी बैठक में 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए अंकित मूल्य रु. 10/- प्रत्येक के रु. 7.50/- प्रति इक्विटी शेयर (अर्थात् @ 75 %) लाभांश की अनुशंसा के अनुरूप लाभांश के भुगतान के लिए सदस्यों की योग्यता के निर्धारण और ए जी एम के प्रयोजन हेतु कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक **बुधवार, 6 सितम्बर, 2023 से मंगलवार, 12 सितम्बर, 2023 तक** (दोनों दिवस शामिल) बंद रहेंगे। लाभांश, यदि ए जी एम में घोषित किया जाता है तो (क) **मंगलवार, 5 सितम्बर, 2023** को डिपॉजिटरीज द्वारा कम्पनी को उपलब्ध कराए गए लाभार्थी स्वामित्व डाटा के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में शेयर धारण करने वाले लाभार्थी स्वामी (ख) **मंगलवार, 5 सितम्बर, 2023** को या उससे पूर्व कम्पनी/शेयर ट्रांसफर एजेंट, एम सी एस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड (''आर टी ए'') के साथ दर्ज सभी वैध शेयर हस्तांतरण एवं स्थानांतरण को प्रभावी मानते हुए भौतिक प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सभी सदस्यों को कम्पनी के ए जी एम की तिथि से 30 दिनों के भीतर भुगतान/डिस्पैच किया जाएगा।

इसके अलावा, वित्त अधिनियम, 2020 द्वारा यथासंशोधित आयकर अधिनियम, 1961 के अनुसरण में 1 अप्रैल, 2020 को या उसके बाद कम्पनी द्वारा भुगतान या वितरित किया जाने वाला लाभांश सदस्यो की ओर करयोग्य होगा, इसलिए कम्पनी को लाभांश का भुगतान करते समय निर्धारित दरों पर स्रोत पर कर कटौती करनी होगी। विभिन्न श्रेणियों के लिए निर्धारित दरों हेतु कृपया वित्त अधिनियम, 2020 एवं उसके किये गये संशोधनों के साथ ही ई-मेल के माध्यम से पहले से सदस्यों को भेजे गये विस्तृत पत्राचार का अवलोकन करें जो कि https://www.indiaglycols.com/investors/shareholders-communication.htm पर उपलब्ध है।

एम सी ए सामान्य परिपत्र 20/2020 दिनांक 5 मई, 2020 के अनुसरण में कंपनियों को इलेक्ट्रॉनिक क्लीयरिंग सर्विस का उपयोग करके सदस्यों के लाभांश सीधे उनके बैंक खातों में जमा करने के निर्देश हैं। तद्नुसार, सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि डिमेटिरियलाइज्ड प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यगण अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स और भौतिक प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यगण में निर्धारित प्रारूप में आर टी ए के पास अपना बैंक खाता विवरण उपलब्ध/अपडेट कराएं। इलेक्ट्रॉनिक बैंक अनिवार्यता के गैर-पंजीकरण के कारण कम्पनी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से किसी सदस्य को लाभांश का भुगतान करने में असक्षम होगी कंपनी ऐसे सदस्य को लाभांश वारंट प्रेषित करेगी।

इसके अलावा, अधिनियम की धारा 108 के प्रावधानों के साथ पठित उसके अधीन लागू नियमों और सेबी सूचीबद्धता विनियम के विनियम 44 के अनुसरण में कम्पनी अपने सदस्यों को ए जी एम की सूचना में निष्पादित किये जाने वाले कारोबार के संबंध में ए जी एम से पूर्व रिमोट ई-वोटिंग और ए जी एम के दौरान ई-वोटिंग की सुविधा उपलब्ध करा रही है और इस प्रयोजन के लिए कम्पनी ने इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग को सुगम बनाने हेतु एन एस डी एल को नियुक्त किया है। ए जी एम की सूचना में अन्य बातों के अतिरिक्त रिमोट ई-वोटिंग एवं ए जी एम के दौरान ई-वोटिंग की प्रक्रिया एवं पद्धति तथा भौतिक प्रारूप या डिमेट प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यों जिन्होने अपना ई-मेल पता कंपनी/डी पी के पास पंजीकृत नहीं कराया है, के लिए लॉगइन क्रेडेंशियल्स के संबंध में निर्देशो के साथ ए जी एम मे शामिल होने के निर्देश दिये गये है। सदस्यों का रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग के माध्यम से वोटिंग अधिकार कट-ऑफ तिथि अर्थात् **मंगलवार, 5 सितम्बर, 2023** को कम्पनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयरों के आनुपातिक होगा।

सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि (क) 39वीं ए जी एम की सूचना में निर्धारित कारोबार का निष्पादन इलेक्ट्रॉनिक माध्यम द्वारा वोटिंग से किया जा सकता है; (ख) रिमोट ई-वोटिंग अव